卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 82 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बुधवार ♦28 दिसम्बर 2022 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

# अतिक्रमण हटाने के खिलाफ सड़कों पर जन सैलाब

## बनभूलपुरा क्षेत्र का बाजार रहा पूरी तरह से बंद, पुलिस प्रशासन और रेलवे अधिकारियों ने डाला डेरा

हाई कोर्ट के निर्देश पर प्रशासन एवं पुलिस अधिकारियों द्वारा रेलवे की भूमि पर किये गये अतिक्रमण को हटाने के लिए आज से अतिक्रमित भूमि पर पिलर लगाने एवं अतिक्रमण पर लाल निशान लगाने का काम शुरू किया गया है। जिसके खिलाफ प्रातः से ही भारी ठंड के बावजूद सड़कों पर हाथों में तख्तियां लिए हजारों की संख्या में बच्चे, महिलायें व बुजुर्ग सहित तमाम लोग सड़कों पर उतर आये और धरना देने के साथ वह नारेबाजी करते हुए अधिकारियों से घर न तोड़ने की गुहार करते रहे। वहीं बनभूलपुरा क्षेत्र का सारा बाजार भी आज पूरी तरह उसे बंद रहा। प्रभावित परिवारों के समर्थन में शहर के तमाम लोगों ने भी अपना कारोबार बंद रखा। अभियान के भारी विरोध होने की संभावनाओं को देखते हुए प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी पहले से ही सतर्क थे। जिसे देखते हुए सम्पूर्ण क्षेत्र में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था। साथ हील पल पल की स्थिति पर पूरी नजर रखरे हुए थे। गौरतलब है कि हाई कोर्ट ने 20 दिसम्बर को रेलवे की भूमि पर किये गये अतिक्रमण को हटाने के लिए प्रभावित लोगों को कोई राहत न देते हुए प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिये हैं। जिसको लेकर तमाम प्रशासनिक, पुलिस व विभागीय अधिकारियों ने विगत दिवस रेलवे अधिकारियों के साथ मिलकर बैठक आयोजित की थीं। जिसमें रेलवे भूमि से अतिक्रमण हटाने के लिए योजना बनाई गई। जिसके तहत सम्पूर्ण कार्यवाही की ड्रोन तथा कैमरों से वीडियोग्राफी करने के साथ साथ बनभूलपुरा क्षेत्र में सुरक्षा की दृष्टि से भारी संख्या में पुलिस बल तैनात करने का भी निर्णय लिया गया था। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अधिकारियों द्वारा आज प्रातः अतिक्रमित रेलवे भूमि पर पिलर व लाल निशान लगाने का कार्य शुरू किया जाना था। लेकिन इससे पूर्व ही भारी ठंड के बावजूद अपने सारे काम छोड़कर हजारों की संख्या में लोग नारेबाजी करते हुए सड़कों पर उतर आये और वह मुख्य सड़कों पर दरी चिटाईयां बिछाकर बैठ गये। महिलायें, बच्चे व बुजुर्ग अपने घरों को न तोड़ने की गुहार करने लगे। उनके साथ विधायक सुमित हृदयेश, सपा प्रदेश प्रभारी अब्दुल मतीन सिद्दकी, कामरेड बहादुर सिंह जग्गी, शोएब अहमद सहित तमाम नेता भी प्रभावित परिवारों के समर्थन में धरने पर आ बैठे। स्थिति को भांपते हुए फोर्स को काफी बढ़ा दिया गया। मौके पर सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह, एसडीएम मनीष सिंह, एसपी सिटी हरबंस सिंह, एसपी क्राईम जगदीश चन्द्र, सीओ भूपेन्द्र सिंह धौनी, बनभूलपुरा थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी समेत तमाम अधिकारी स्थिति पर पूरी नजर रखे रहे और उच्चाधिकारियों को पल पल की जानकारी देते रहे। विरोध बढ़ता देख पूलिस ने आस पास के इलाकों को सील कर दिया। बनभूलपुरा आने वाले सभी रास्ते ब्लॉक कर दिये। इसके साथ ही प्रिजनर वैन भी खड़ी कर दी गई। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि हाई कोर्ट के आदेश के बाद सीमांकन का काम शुरू किया गया है। अगर जनता विरोध करेगी तो पुलिस को सख्ती दिखानी पड़ेगी। (शेष पृष्ठ सात पर)







### 8 जनवरी के बाद होगा ध्वस्तीकरण

हल्द्वानी। बनभूलपुरा क्षेत्र में अतिक्रमण की जद में आ रहे स्कूलों में भी पटवारी-लेखपाल की भर्ती परीक्षा का केंद्र बनाया गया है। पटवारी-लेखपाल भर्ती को देखते हुए प्रशासन आठ जनवरी से पहले कोई जमीनी कार्रवाई नहीं करेगा। नैनीताल जिले के 58 इंटर कालेजों में आठ जनवरी को लेखपाल, पटवारी की भर्ती परीक्षा आयोजित होगी। नैनीताल जिले में 23 हजार परीक्षार्थी (शेष पृष्ठ सात पर)

### कई मार्गों पर लगाई बेरिकेटिंग

हल्द्वानी। रेलवे भूमि से अतिक्रमण हटाने की तैयारियों के तहत पुलिस प्रशासन द्वारा आज बनभूलपुरा जाने वाले समस्त मार्गों पर बेरिकेटिग लगाकर वहां भारी फोर्स तैनात की गई थी। साथ ही यहां से गुजरने वाले हर व्यक्ति पर पुलिस पैनी निगाह रखे हुई थी। नगर में मंगल पड़ाव, सब्जी मंडी, छतरी चौराहा, नया बाजार, रेलवे बाजार आदि स्थानों पर बेरिकेटिंग कर पुलिस कर्मी पूरी तरह से मुस्तैद रहे।

### बाजार में रहा भय का माहौल

हल्द्वानी। जहां बनभूलपुरा क्षेत्र का सारा बाजार पूरी तरह से बंद रहा वहीं शहर के तमाम लोगों ने भी प्रभावित परिवारों के समर्थन में कारोबार बंद रखा। बाजार क्षेत्र में दिन भर व्यापारियों में किसी भी संभावित घटना को लेकर भय का माहौल बना रहा। बाजारों में आज ग्राहकों की संख्या काफी कम रही तो वहीं बाजार में अफवाहों का दौर भी चलता रहा। जिसको लेकर लोगों में भय का माहौल बना रहा।

# मुठभेड़ में चार आंतकी किये ढेर

जम्मू(उद ब्यूरो)। जम्मू शहर से सटे सिधरा इलाके में बुधवार सुबह सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ में 4 आतंकियों के मारे जाने की सूचना मिल रही है। सुरक्षाबलों को कोई नुकसान नहीं हुआ है। चारों आतंकियों के शव बरामद करने के साथ ही हथियार भी बरामद किये गये हैं। जिस ट्रक में आतंकी सवार होकर आए थे उसमें मुठभेड़ के दौरान आग लग गई। बता दें कि कुछ दिन पहले ही सिद्दड़ा में पुलिस पोस्ट पर संदिग्ध ग्रेनेड हमला किया गया था। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सिद्दड़ा पुल के पास नाके पर सुबह करीब साढ़े सात बजे पुलिसकर्मियों ने जांच के लिए ट्रक नंबर जेके 18-1226 को रोका। पुलिस को देख चालक मौके से फरार हो गया। वहीं, ट्रक में बैठे अन्य लोगों ने गोलीबारी शुरू कर दी। इसके बाद मुठभेड़ शुरू हुई। इसमें चार दहशतगर्दों को मार गिराया गया है। चारों के शव बरामद कर लिए हैं। मौके पर से सात एके 47, तीन पिस्टल और एम 4 राइफल भी मिली है। बताया जा रहा है कि ट्रक कश्मीर घाटी के कुलगाम के गुलाम मोहम्मद खान के नाम रजिस्टर्ड है। एक अधिकारी ने बताया कि सिधरा इलाके में सुरक्षाबलों की संयुक्त टीम द्वारा आतंकवादियों की मौजूदगी की खुफिया जानकारी के आधार पर घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया गया था। जैसे (शेष पृष्ठ 7 पर)



# राईस मिल में बदमाशों का धावा

## चौकीदार को घायल कर हजारों की नगदी उड़ाई

किच्छा (उद संवाददाता)। मंगलवार रात अज्ञात बदमाशों ने राइस मिल की चौकीदार पर हमला उसके पास हजारों रुपए की नकदी लूट ली और उसे मार पीट कर अधमरा को मौके से फरार हो गए। प्रातः जब राइस मिल स्वामी अपाचे पुणे लहूलुहान हालत में पढ़ा गई तूने इसकी जानकारी पुलिस को दी सूचना मिलते ही पुलिस के अधिकारी तत्काल मौके आप हमसे पर आ पहुंचे उन्होंने चौकीदार से आवश्यक जानकारी ली और उसे उपचार के लिए चिकित्सालय भिजवाया। सीओ ओमप्रकाश शर्मा ने मौका मुआयना किया। चोर जाते समय राइस मिल में लगे (शेष पृष्ठ सात पर)





# लाखों की स्मैक के साथ तस्कर दबोचा

## एएनटीएफ,एसटीएफ और थाना पुलभट्टा पुलिस ने की कार्रवाई

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। ड्रग्स फ्री देवभूमि अभियान के तहत एएनटीएफ, एसटीएफ एवं थाना पुलभट्टा पुलिस की संयुक्त टीम ने नशे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए स्मैक तस्कर को लाखों की स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने बताया कि एसटीएफ को पिछले कई दिनों से जनपद उधम सिंह नगर के थाना पुलभट्टा क्षेत्र से लगे यूपी उत्तराखंड बॉर्डर क्षेत्र से ड्रग्स तस्करी की सूचनाएं मिल रही थी जिस पर सीओ एसटीएफ कुमाऊं सुमित पांडे एवं प्रभारी निरीक्षक एमपी सिंह के नेतृत्व में ए.एन.टी.एफ, एसटीएफ कुमाऊं यूनिट व कोतवाली पुलभट्टा पुलिस ने पुलभट्टा यूपी बॉर्डर से अंतरराज्यीय ड्रग्स तस्कर राकेश पुत्र सोहनपाल निवासी ग्राम मौसमपुर थाना मूसाझाग जिला बदायूं उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से करीब 139 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की। आरोपी के विरुद्ध थाना पुलभट्टा, जनपद उधम सिंह नगर में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कराया गया है। गिरफ्तार ड्रग्स डीलर पूर्व में भी उत्तराखंड में ड्रग्स की सप्लाई कर चुका है। एसटीएफ पकड़े गये ड्रग्स तस्कर के नशे के नेटवर्क को खंगाल रही है। एसटीएफ की इस कार्रवाई में आरक्षी वीरेंद्र सिंह की विशेष भूमिका रही। एसएसपी एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने कहा कि (शेष पृष्ठ 7 पर)



# उत्तरकाशी में फिर भूकंप

### रिएक्टर स्केल पर 3.1 रही भूकंप की तीव्रता

उत्तरकाशी(उद संवाददाता)। उत्तरकाशी में एक बार फिर भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। आधी रात को उत्तराखंड के उत्तरकाशी में भूकंप के झटके लोगों ने महसूस किए भूकंप के झटके तड़के 2:19 में महसूस किए गए हैं और रिएक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 3.1 रही। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के अनुसार उत्तराखंड के उत्तरकाशी में बुधवार रात 3.1 की तीव्रता से भूकंप आया और साथ में यह भी बताया गया कि अक्षांश 30.87 था और देशांतर 78.19 था। वही भूकंप की गहराई 5 किलोमीटर दर्ज की गई है और राहत की बात यह है कि किसी भी तरह से जान-माल के नुकसान की सूचना नहीं मिली है और उत्तराखंड के अलावा नेपाल में भी देर रात को भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। हालांकि अभी तक कहीं से भी जानमाल के नुकसान की कोई सूचना नहीं मिली है। नेशनल अर्थक्वि मॉनिटरिंग एंड रिसर्च सेंटर (एनईएमआरसी) के अनुसार, बुधवार तड़के नेपाल के बागलुंग जिले में 4.7 और 5.3 तीव्रता के दो भूकंप आए। केंद्र से मिली रीडिंग के अनुसार, बागलुंग जिले के अधिकारी चौर के आसपास एक बजकर 23 मिनट पर 4.7 तीव्रता का भूकंप आया। वहीं एनईएमआरसी (शेष पृष्ठ सात पर)

# राजभवन में तैनात अधिकारियों कर्मचारियों को किया सम्मानित

देहरादून(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने सुशासन दिवस की श्रृंखला में आयोजित कार्यक्रम में राजभवन के 25 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने सम्मानित होने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि यह पुरस्कार आप लोगों के अपने कार्यों के प्रति ईमानदारी और निष्ठा का परिणाम है। राज्यपाल ने कहा कि जिस लगन और कर्तव्यनिष्ठा के साथ आपके द्वारा कार्य किया गया है, उसे निरंतर जारी रखें। पुरस्कृत होने के बाद सभी की जिम्मेदारी और अधिक बढ़ गयी है।राज्यपाल ने कहा कि राजभवन पूरे प्रदेश का प्रतिनिधित्व करता है जिसमें अधिकारियों एवं कर्मचारियों की कार्यशैली बेहद महत्वपूर्ण हो जाती है। उन्होंने कहा कि अपने कार्यों के प्रति पूरी निष्ठा व सजगता से ही इस राजभवन की अच्छी छवि जनता के सामने जायेगी। उन्होंने कहा कि आप सभी अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए उदाहरण हैं। उन्होंने इसी लगन और मेहनत से कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हमें अपने दिए गए दायित्वों एवं कर्तव्यों के प्रति बेहद सजग होने की जरूरत है। टीम भावना से कार्य करते हुए अपने कार्यों में गुणवत्ता और निखार लाने का प्रयास करें। इस अवसर पर प्रथम महिला श्रीमती गुरमीत कौर, वित्त नियंत्रक तृप्ति श्रीवास्तव के अलावा राजभवन के कर्मचारी व अधिकारी उपस्थित रहे। सम्मानित होने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों में कम्पट्रोलर प्रमोद चमोली, विशेष कार्याधिकारी बी0पी0 नौटियाल,उप निदेशक सूचना नितिन उपाध्याय, प्रमुख निजी सचिव के0एल कौबियाल, वरिष्ठ निजी सचिव राजेन्द्र चौहान, निजी सचिव ललित जोशी, अनुभाग अधिकारी डॉ. सच्चिदानन्द चमोली, अनुभाग अधिकारी अनूप सिंह नेगी, पुस्तलयाध्यक्ष रमाकान्त बैंजवाल,सूचना अधिकारी अजनेश राणा,अपर सहायक अभियन्ता अमित सेमवाल,उद्यान प्रभारी दीपक पुरोहित, प्रवक्ता सन्जू ध्यानी,सोशल मीडिया कोर्डिनेटर पारितोष बंगवाल, मीडिया संचालक सिमरनजीत सिंह सेठी,चीफ फार्मसिस्ट जगदीश देवराड़ी, फिजियो थेरपिस्ट श्रीमती वसुधा वर्मा, निरीक्षक,अभिसूचना नरेन्द्र कुमार शर्मा, निरीक्षक, अभिसूचना श्रीमती नीलम पालीवाल, उपनिरीक्षक, अभिसूचना जितेन्द्र सिंह बिष्ट, उपनिरीक्षक बिजेन्द्र सिंह, उप निरीक्षक,अभिसूचना, श्रीमती मन्जू, हॉउस कीपर विनीत कुमार, शैफ अजय कोठारी, स्टीवर्ड अभिषेक नौटियाल शामिल हैं।







# नित्यानंद स्वामी जन सेवा समिति ने मुख्यमंत्री धामी सहित पांच हस्तियों को किया सम्मानित

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी को मुख्यमंत्री आवास में नित्यानंद स्वामी जन सेवा समिति द्वारा स्वच्छ राजनीतिज्ञ सम्मान-2022 से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री को सम्मानित करने के साथ ही संगीत, शिक्षा, उद्योग, चिकित्सा एवं सांस्कृतिक सम्पदा से जुड़े 5 लोगों के साथ अन्य दो लोगों को भी उत्तराखण्ड गौरव से सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री स्व. नित्यानंद स्वामी जी की समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सेवा प्रदान करने की संकल्पबद्धता अभूतपूर्व थी। एक वकील हो या एक सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में उनका जीवन हम सभी के लिये एक प्रेरणापुंज के समान है। मुख्यमंत्री ने उन्हें स्वच्छ राजनीतिज्ञ सम्मान से सम्मानित किये जाने पर आभार व्यक्त करते हुए कहा कि व्यक्तिगत तौर पर उनकी भी यही कोशिश रहती है कि जनता की सेवा हेतु जो काम किए जाएं, वह पूर्ण रूप से "सेवा परमो धर्मः" के मंत्र को सार्थक करने के लिए ही हों। मुख्यमंत्री ने स्व. नित्यानन्द स्वामी की स्मृति में राज्य में संसदीय परम्पराओं की मजबूती एवं सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देने के प्रयासों से सम्बन्धित संसदीय संस्थान जैसी किसी संस्थान की स्थापना की भी बात कही। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने जिन्हें सम्मानित किया उनमें पद्मश्री बसंती बिष्ट, श्री जितेन्द्र जोशी, श्री हरेन्द्र कुमार गर्ग, डॉ. डी.एम. काला, श्री प्रेम हिंगवाल शामिल थे। उत्तराखण्ड गौरव सम्मान श्री रस्किन बांड एवं प्रसून जोशी की अनुपस्थिति में उनके प्रतिनिधियों को प्रदान किया गया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री श्री प्रेम चंद्र अग्रवाल, सांसद सुश्री रेखा वर्मा, श्री नरेश बंसल, उत्तर प्रदेश के पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ. अम्मार रिजवी, परमार्थ निकेतन के परमाध्यक्ष स्वामी चिदानन्द मुनि, समाजसेवी डॉ. एस. फारूख, डॉ. आर के बक्शी ने भी अपने विचार व्यक्त किये।



# ठंड से ठिठुर रहे लोगों को डीएम ने वितरित किए कम्बल

## नगर आयुक्त ने रैन बसेरों का किया औचक निरीक्षण

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। शीतलहर के दृष्टिगत रुद्रपुर के रैनबसेरा, डीडी चौक, गाबा चौक, काशीपुर रोड फ्लाईओवर के नीचे, गल्ला मण्डी, इन्द्रा चौक, रोडवेज आदि स्थानों पर कड़ाके की ठण्ड से ठिठुर रहे लोगों को जिलाधिकारी युगल किशोर पन्त ने जरूरतमंद लोगों को कम्बल वितरित किए एवं उनका हाल चाल जाना। उन्होंने बस से सफर कर रहे यात्रियों से उनका हाल चाल जाना। उन्होंने आम जन से अपील करते हुए कहा कि जो लोग सक्षम हो वे इस कड़ाके की ठण्ड में ठिठुर रहे लोगों की सहायता के लिए आगे आये। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी जयभारत सिंह, उपजिलाधिकारी प्रत्यूष सिंह, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी उमाशंकर नेगी आदि उपस्थित रहे। वहीं नगर आयुक्त नगर निगम रुद्रपुर के द्वारा शहर में अलावा व्यवस्था एवं रैन बसेरों का औचक निरीक्षण किया गया। रुद्रपुर बस अड्डा एवं इंदिरा चौक पर अलाव जलते हुए पाए गए साथ ही गांधी पार्क स्थित रैन बसेरे का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान रैन बसेरे में तैनात भरत कुमार उपस्थित पाए गए।नगर आयुक्त द्वारा निर्देश दिया गया कि रैन बसेरे में प्रत्येक सप्ताह बिस्तर कंबल इत्यादि की धुलाई कराई जाए।







# मॉक ड्रिल में परखी व्यवस्थाएं

सुल्तानपुर पट्टी(उद संवाददाता)। मंगलवार को अति प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी चिकित्सक अधिकारी डाक्टर खालिद यूनुस लोन के नेतृत्व में कोविड 19 से निपटने के लिए मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। मॉक ड्रिल में एक मरीज जिसको साँस लेने में कठिनाई हो रही थी उसको 108 एंबुलेंस द्वारा लाया गया। मरीज की जांच की गई। एसओपीजी कम होने पर ऑक्सीजन दिया गया वही डाक्टर खालिद द्वारा बताया गया कि एक मरीज को साँस लेने में दिक्कत आ रही जिसे 108 एम्बुलेंस से लाया गया जिसे पूर्ण रूप से देखा गया। इस माकड्रिल में डाक्टर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी खालिद यूनुस लोन, डाक्टर ऐसापी सिंह, डाक्टर आरऐस प्रजापति, फार्मसिस्ट आरती पाल, शिवेंद्र ब पूर्व सभासद जाहिद हुसेन, मोहित कुमार शामिल थे।



# विपिन कांडपाल बने व्यापार मंडल रामनगर इकाई के अध्यक्ष

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल की एक बैठक रामनगर के एक रेस्टोरेंट में सम्पन्न हुई। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष हुकुम सिंह कुंवर, प्रदेश महामंत्री राजकुमार केसरवानी, संरक्षक पृथ्वी पाल सिंह रावत,आदि की मौजूदगी में बिपिन कांडपाल को रामनगर व्यापार मंडल इकाई का अध्यक्ष बनाया गया। बैठक में बोलते हुए प्रदेश अध्यक्ष हुकुम सिंह कुंवर ने कहा कि व्यापारियों की समस्याओ का समाधान करना व्यापार मंडल का दायित्व है। प्रदेश महामंत्री राजकुमार केसरवानी ने कहा संगठन की मजबूती के साथ व्यापारियों की समस्या उठाते हुए क्षेत्र की समस्याओं को भी संगठन के माध्यम से हल करने की कोशिश करें। इसके अलावा इकाई में राजेंद्र सिंह को संरक्षक, मुदित अग्रवाल, मोहम्मद यामीन को सचिव, दीपक कुमार जोशी, भूपेंद्र सिंह मेहरा, चंद्रशेखर पपनै को उपाध्यक्ष, शेखर चन्द्र नैनवाल को महामंत्री, फैसल कुरैशी, विनोद पडलिया उपसचिव, राहुल जलाल, पवन कुमार आदि को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया।बैठक में सभी पदाधिकारियों का फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। नवनियुक्त अध्यक्ष विपिन कांडपाल ने बताया कि संगठन द्वारा जो जिम्मेदारी उनको दी गई है उसको बखूबी निभाई जाएंगी। उन्होंने संगठन को मजबूत बनाने और सबको साथ लेकर चलने की बात कही। बैठक को डॉ॰ हेम भट्ट, मदन मोहन गोनियाल, रश्मि गोनियाल, पूरन कोहली, दीपक पाल, मनीष कुमार, रवींद्र कुमार राणा आदि अनेक व्यापारियों ने भी संबोधित किया।



# वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ताओं को किया सम्मानित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में पूर्व मेयर श्रीमती सोनी कोली, भाजपा नेता सुरेश कोली के आवास पर कार्यकर्ता सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें रुद्रपुर क्षेत्र के 200 वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को शाल ओढ़ाकर एवं पार्टी का झंडा देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में रुद्रपुर के विधायक शिव अरोड़ा जिले के प्रभारी पुष्कर काला एवं अध्यक्षता उधम सिंह नगर के जिला अध्यक्ष कमल जिंदल, विशिष्ट अतिथि काशीपुर जिले के सम्मानित अध्यक्ष गुंजन सुखीजा,प्रदेश के मंत्री विकास शर्मा रहे। विधायक अरोरा ने श्री अटल जी के जीवन पर प्रकाश डाला तथा सभी से अटल जी के बताए मार्ग पर चलने का आग्रह किया। विधायक अरोरा ने कहा कि 6 अप्रैल 1980 को भाजपा की स्थापना हुई जिसके पहले अध्यक्ष के रूप में श्री अटल जी थे प्रत्येक कार्यकर्ता को श्री अटल जी से प्रेरणा लेनी चाहिए। कार्यक्रम संयोजक भाजपा नेता सुरेश कोली ने कहा कि रुद्रपुर क्षेत्र एक हजार बूथ स्तर तक के कार्यकर्ताओं के घरों में पार्टी के झंडे लगाने का काम किया जायेगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उत्तरी मंडल के अध्यक्ष राकेश सिंह,दक्षिण मंडल के अध्यक्ष सुशील यादव नीटू, मंडल महामंत्री राधेश शर्मा, मंडी समिति के चेयरमैन केके दास,दर्जाधारी उपेंद्र चौधरी,कुंदन सिंह राठौर, गजेंद्र प्रजापति,राजेंद्र सिडाना, महेंद्री शर्मा, सरोज चौहान, प्रतिभा तिवारी, माया श्रीवास्तव सहित सैकड़ों वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# सचिवालय के अनुभागों में नई कार्य संस्कृति लायें : धामी

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने आज सचिवालय में सुराज, सुशासन, सरलीकरण एवं समाधान के संबंध में अनुभाग अधिकारियों के साथ चर्चा करते हुए कहा कि सचिवालय प्रदेश का दर्पण है, यहीं से प्रदेश की दशा, दिशा एवं व्यवस्थाओं का नीति निर्धारण होता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अनुभाग अधिकारी सचिवालय की महत्वपूर्ण कड़ी होते हैं। सचिवालय के अनुभागों में नई कार्य संस्कृति से कार्य हो और कार्यों के सफल संचालन के लिए हर संभव सुविधा दी जायेगी। सचिवालय से लोगों को बहुत अपेक्षाएं होती हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए पत्रावलियों पर सकारात्मक नोटिंग हो। पत्रावलियों पर सबके दृष्टिकोण अलग हो सकते हैं। इनके निस्तारण के लिए सकारात्मक दृष्टिकोण से हम अपना क्या योगदान दे सकते हैं, इस पर ध्यान दिया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनहित से जुड़ी किसी पत्रावली पर जब सकारात्मक निस्तारण होता है, तो इसका लाभ समाज के अंतिम पंक्ति पर खड़े लोगों को मिलता है। समाज के इन अंतिम पंक्ति के लोगों को ध्यान में रखते हुए कार्यों को आगे बढ़ाना होगा। उन्होंने कहा कि जिन कार्मिकों को सचिवालय में सेवा करने का अवसर मिला है, उन पर अपने सकारात्मक दृष्टिकोण से अनेक लोगों का जीवन परिवर्तन करने का अवसर भी होता है। भगवान द्वारा दिये गये इस अवसर का लाभ जनहित के कार्यों से अवश्य लें। मुख्यमंत्री ने कहा कि बेहतर कार्यप्रणाली के लिए अनुभाग अधिकारियों को वर्ष में एक बार प्रशिक्षण अवश्य दिया जाए। इसके अलावा जो अनुभाग अधिकारी कार्यों के बेहतर संपादन के लिए कोई अन्य प्रशिक्षण लेना चाहते हैं, उसकी भी व्यवस्था की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि अनुभाग अधिकारियों को जो अनुभाग दिये जाते हैं, उनसे संबंधित कार्यों की उन्हें बेहतर जानकारी हो, इसके लिए उन्हें कुछ दिन संबंधित विभाग के एचओडी ऑफिस में भेजा जाए, ताकि वे विभागों की कार्यप्रणाली को अच्छी तरह समझ पायें। इस अवसर पर मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु, अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी व अनुभाग अधिकारी उपस्थित रहे।





## सचिवालय स्तर पर भी सुशासन पुरस्कार दिये जाने की घोषणा

देहरादून। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में सुराज, सुशासन, सरलीकरण एवं समाधान के संबंध में अनु सचिव से अपर सचिव स्तर तक के अधिकारियों के साथ बैठक की। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में विभिन्न कार्यों के लिए आने वाले व्यक्तियों की मदद को हेल्प डेस्क गठित करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अनुभागों से उच्च स्तर पर जो पत्रावलियां आती हैं, उन पर अधिकारी अपना मन्तव्य अवश्य लिखें। मुख्यमंत्री ने कहा कि पत्रावलियों को सकारात्मक दिशा में ले जाने के लिए अपना नोट अवश्य जोड़ें। अनुसचिव से अपर सचिव स्तर तक के अधिकारी भी ग्राम स्तर पर आयोजित चौपालों में समय-समय पर प्रतिभाग करें।मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर सचिवालय स्तर पर भी सुशासन पुरस्कार दिये जाने की घोषणा दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि समीक्षा बैठकों के लिए माहवार कैलेंडर बनाने की दिशा में भी ध्यान दिया जाए। कार्यों के बेहतर एवं त्वरित संपादन के लिए अधिकारी आपसी तालमेल से कार्य करें। उन्होंने कहा कि विभागों के किसी प्रस्ताव पर यदि कोई बात स्पष्ट नही हो रही हो तो, फाइल वापस भेजने के बजाय विभागाध्यक्षों से फोन पर वार्ता कर ही उनका मंतव्य जान लिया जाए। इससे समय की भी बचत होगी एवं जनहित से जुड़े प्रकरणों का निस्तारण भी तेजी से होगा। बैठक में मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु, अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, श्री आनन्द बर्द्धन, सचिव श्री दिलीप जावलकर, श्री विनोद कुमार सुमन, श्री एस.एन पाण्डेय एवं अपर सचिव से अनुसचिव स्तर के अधिकारी उपस्थित थे।

## लोक पर्व हमारी सांस्कृतिक विरासत की पहचान : सीएम

देहरादून। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी से सचिवालय में अखिल गढ़वाल सभा व कुर्मांचल सांस्कृतिक एवं कल्याण परिषद के पदाधिकारियों ने भेंट कर लोकपर्व हरेला एवं इगास को राजकीय अवकाश की सूची में सम्मिलित किये जाने पर उनका आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे लोक पर्व हमारी सांस्कृतिक विरासत की पहचान हैं। राज्य की समृद्ध लोक संस्कृति को आगे बढ़ाने के निरंतर प्रयास हो रहे हैं। आने वाले समय में राज्य के अन्य त्योहारों को भी भव्य रूप से मनाये जाने के प्रयास किये जायेंगे। इस अवसर पर अखिल गढ़वाल सभा के अध्यक्ष श्री रोशन धस्माना एवं कुर्मांचल सांस्कृतिक कल्याण परिषद के अध्यक्ष श्री कमल सिंह रजवार आदि उपस्थित रहे।

## ताइक्वांडो प्रतियोगिता में बागेश्वर का दबदबा

बागेश्वर(उद संवाददाता)। विद्यालयी शिक्षा के बागेश्वर के क्रीड़ा प्रांगण हाल में आयोजित राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का



समापन हो गया है। प्रतियोगिता में52 स्वर्ण पदक जीतकर बागेश्वर की टीम प्रदेश में प्रथम स्थान पर रही। दूसरे स्थान पर पिथौरागढ़ तथा तीसरे नंबर पर ऊधसिंह नगर की टीम रही। प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभागियों द्वारा खेल भावना के साथ सभी खिलाड़ियों द्वारा अपनी प्रतिभा दिखाई गई।समापन अवसर पर मुख्य अतिथि नगर पालिकाध्यक्ष सुरेश खेतवाल ने विजेताओं को पुरस्कार वितरण किया।इस दौरान उन्होंने कहा कि खेल एक ऐसी विधा है जिसमें कोई भी खिलाड़ी अपनी प्रतिभा और हुनर से अपनी प्रतिभा को निखारता है। खेल के द्वारा ही खिलाड़ी को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है जिला और राज्य के खिलाड़ी प्रदेश स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राष्ट्रीय और अंतराष्ट्रीय स्तर पर मुकाम हासिल कर देश प्रदेश का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा कि बागेश्वर ने ताइक्वांडो में विशेष पहचान बनाई है।जिले के खिलाड़ी अंतराष्ट्रीय स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं ये हम सब के लिए गौरव की बात है।इस दौरान विजेताओं को पुरुस्कार भी वितरित किए गए।इस दौरान विभिन्न जिलों के खिलाड़ी और प्रशिक्षक मौजूद रहे।

## ओलंपियन खिलाड़ी मनीष रावत का किया स्वागत

काशीपुर(उद संवाददाता)। काशीपुर के स्पोर्ट्स स्टेडियम में मंगलवार की शाम देहरादून से आए ओलंपियन खिलाड़ी एवं पुलिस मुख्यालय में इंस्पेक्टर के पद पर कार्यरत मनीष रावत का यहां वेटलिफ्टिंग टीम एवं स्टेडियम के स्टाफ ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस मौके पर क्रीडा अधिकारी निर्मला पंत के अलावा स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया की प्रभारी ज्योति शाह, ताइक्वांडो कोच नीरज, एथलेटिक कोच चंदन सिंह नेगी, ओम प्रकाश, हॉकी के कोच मोहित सिंह, क्रिकेट कोच साजिद, जूडो कोच अनामिका वर्मा, विशेष तौर पर मौजूद रहे। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए पुलिस के इंस्पेक्टर मनीष रावत ने कहा कि उन्हें लक्ष्य को पाने के लिए निरंतर मेहनत करना चाहिए। ओलंपियन खिलाड़ी ने यह भी माना कि स्टेडियम में खिलाड़ियों के लिए जो संसाधन होने चाहिए वह अभी उपलब्ध नहीं है। उन्होंने उप क्रीड़ा अधिकारी निर्मला पंत के साथ स्टेडियम का बारीकी से निरीक्षण करने के बाद कहा कि वह इस बारे में विभाग के उच्चाधिकारियों से भी बातचीत करेंगे ताकि खिलाड़ियों को वह सभी सुविधाएं उपलब्ध हो सके जो उन्हें चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि खिलाड़ियों का प्रदर्शन प्रशंसनीय है। उन्हें लक्ष्य पाने के लिए और मेहनत करना चाहिए।स्वागत करने वालों में पुलिस टीम के



वेटलिफ्टिंग खिलाड़ी मोहम्मद अनवर, राजकुमार परिहार, सुरजीत सिंह, हरीश गोस्वामी, आकाश दीवान, उत्तम सिंह कुन्नू, संजय सियाल, आदि शामिल रहे।

## सनातन इंटर कालेज में छात्राओं को कराया सहज योग ध्यान

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। विश्व विख्यात संत श्रीमाताजी निर्मला देवी की 100वीं जन्मशती के अवसर पर विश्वभर में समाज कल्याण के लिए सहजयोग ध्यान सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में रुद्रपुर शहर के विभिन्न विद्यालयों में सहज योग सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। जिसके तहत सनातन धर्म कन्या इंटर कॉलेज, रुद्रपुर में सहजयोग ध्यान एवं आत्म साक्षात्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ज्ञानोदय कार्यक्रम का लगभग 1700



छात्राओं को लाभ मिला। स्कूल की प्रिंसिपल श्रीमती ज्योति राज ने इस जागरण सत्र की सराहना की। सभी शिक्षकों और छात्राओं ने इस सरल ध्यान के माध्यम से शांति की गहराई महसूस की।इस दौरान बताया गया कि सहज योग परम पूज्य माताजी श्री निर्मला देवी जी द्वारा शुरू की गई ध्यान की एक विश्व प्रसिद्ध विधि है। यह ध्यान की एक बहुत ही सरल और सहज दिव्य पद्धति है जिसका अभ्यास लगभग 140 देशों में किया जा रहा है। सहज योग टीम इस अवसर को भगवान के उपहार के रूप में सभी के लिए हमेशा मुफ्त में प्रदान करती है। कुंडलिनी जागरण की यह चमत्कारी विधि जीवन के सभी पहलुओं में पूर्ण संतुलन और एकीकरण लाती है।

## दो अपराधियों को छह माह के लिए किया जिला बदर

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। कोतवाली पुलिस ने आपराधिक मामलों में लिप्त दो बदमाशों को छह माह तक



के लिए सख्त हिदायत देते हुए जिला बदर कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस ने अखलाख पुत्र अलताफ हुसैन निवासी लाईन नम्बर 18, वार्ड 24, बनभूलपुरा एवम मुशरत पुत्र कुदरत निवासी इन्द्रानगर को जिला बदर किया गया गया है। इनके विरुद्ध थाना बनभूलपुरा में मारपीट, गाली-गलौज, चोरी, जुआ, अवैध असलहा रखने संबंधी कई मुकदमे पंजीकृत हो गए थे। बनभूलपुरा थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा अखलाक व मुशरत को जनपद नैनीताल की सीमा से 6 माह के लिए जिला बदर किया गया।

## स्पीकर ऋतु खंडूरी न्यायालय को भी कर रही हैं गुमराह: गोविंद सिंह कुंजवाल

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। उत्तराखंड विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष गोविंद सिंह कुंजवाल ने वर्तमान स्पीकर ऋतु खंडूरी पर न्यायालय को भी गुमराह करने का आरोप लगाया है। कहा कि उन्होंने विधान सभा कर्मचारियों पर कार्रवाई के मामले में भेदभाव किया है, कोर्ट में बार बार काउंटर दाखिल कर कहा जा रहा है कि 2016 से पहले वालों के मामले में विधिक राय ली जा रही है लेकिन विधिक राय के बहाने अपने लोगों को बचाया जा रहा कुंजवाल ने कहा कि स्पीकर ऋतु खंडूरी की बनाई डीके कोटिया समिति ने ही 2000 से लेकर 2022 तक के सभी कर्मचारियों की भर्ती को अवैध करार दिया है। इस बात को खुद विधानसभा हाईकोर्ट में स्वीकार कर रही है। विधिक राय 2016 से पहले वाले कर्मचारियों के मामले में चार महीने बाद भी नहीं ली गई। इससे स्पीकर ऋतु खंडूरी की मंशा साफ है कि वो अपने करीबी लोगों को बचाने के लिए कोर्ट को भी गुमराह करने से परहेज नहीं कर रही हैं। यह न्यायालय की भी अवमानना है।

## सड़क निर्माण के लिए घिरौली के लोगों का प्रदर्शन

बागेश्वर(उद संवाददाता)।पांच साल बाद भी सड़क निर्माण कार्य पूरा नहीं होने पर घिरौली के ग्रामीणों ने नाराजगी जताई है। नाराज लोगों ने जिला मुख्यालय में प्रदर्शन किया। जल्द मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी है। ग्रामीण कैप्टन हरीश मेहरा के साथ ग्राम प्रधान पवन रावत के नेतृत्व में घिरौली के लोग कलक्ट्रेट पहुंचे। यहां नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का कहना है कि मंडलसेरा -घिरौली मोटर मार्ग का निर्माण 2017 में शुरू हुआ। यह मार्ग आज तक पूरा नहीं किया जा सका है। एक किमी सड़क आज तक नहीं बन सकी है। यदि विभाग दो किमी सड़क का विस्तार करता तो यह



सड़क बायपास का कार्य करता। ग्रामीण और आर्मी कैंटीन प्रभारी कैप्टन हरीश मेहरा ने बताया कि कई बार जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को सड़क निर्माण का ज्ञापन भी दिया।पूर्व में जिलाधिकारी द्वारा भी सड़क के मिलान विंदु के समीप से निरीक्षण भी किया गया था। सड़क बनने से बागेश्वर शहर को जाम के झाम से भी निजात भी मिलती। इसके अलावा काभड़भ्योल के पास लगातार चट्टान गिरने से मार्ग अवरूद्ध होता है। उसक वक्त भी यह मार्ग लोगों के लिए लाभकारी सिद्ध होता, लेकिन विभाग इस ओर ध्यान नहीं देर हा है। उन्होंने एक किमी सड़क पूरा करने तथा दो किमी का विस्तार करने की मांग की है। मांग करने वालों में इंद्र सिंह रावत,मदन मोहन आर्य,लक्ष्मीा देवी, वीरेंद्र सिंह नगकोटी, कैप्टन हरीश मेहरा, हयात सिंह कुंवर तथा पूरन सिंह मेहरा आदि मौजूद रहे।

उत्तरांचल दर्पण
सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## यूक्रेन युद्ध संकट का समाधान

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने अमन के लिए एक बार फिर भारत पर भरोसा जताया है। प्रधानमंत्री से फोन पर बातचीत करके उन्होंने अपना 'शांति फार्मूला' लागू करने में भारत की मदद मांगी। भारत सरकार ने भी उन्हें इसके लिए आश्वस्त किया है। हालांकि इसके पहले भी कई मौकों पर भारत रूस और यूक्रेन के बीच छिड़े युद्ध को समाप्त करने के लिए मध्यस्थ की भूमिका निभाने की कोशिश कर चुका है। दोनों देशों के बीच युद्ध को चलते दस महीने हो गए। इस बीच भारतीय प्रधानमंत्री ने रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन से फोन पर और कुछ मौकों पर सम्मेलनों आदि के दौरान बातचीत कर युद्ध रोकने की अपील की, मगर सहमति का रुख दिखाने के बावजूद रूस ने अपना अड़ियल रुख नहीं छोड़ा। शंघाई सहयोग संगठन के शीर्ष सम्मेलन में जब प्रधानमंत्री पुतिन से मिले तब उन्होंने जोर देकर युद्ध रोकने की अपील की थी, तब पुतिन ने उनके सुझाव पर अमल करने को कहा था, मगर वापस लौटते ही उन्होंने यूक्रेन पर हमले तेज कर दिए थे। जेलेंस्की से भी कई बार फोन पर बातचीत करके उन्होंने लचीला रुख अपनाने, बातचीत की मेज पर आने की अपील की है, मगर वह भी झुकने को तैयार नहीं दिखा। अब यूक्रेन खुद शांति का फार्मूला लेकर आया है, तो कुछ सकारात्मक नतीजों की उम्मीद बनी है।भारत से दोनों देशों के बीच समझौते की उम्मीद इसलिए बनी हुई है कि रूस और यूक्रेन से इसके सदा से बेहतर रिश्ते रहे हैं। भारत हमेशा से युद्ध के बजाय शांति का पक्षधर रहा है। फिर दुनिया के बाकी देश जिस तरह गुटों में बंटे हुए हैं, उनकी बात का इनमें से किसी देश पर या तो बहुत असर नहीं पड़ने वाला या इनमें से कोई न कोई देश उनकी मध्यस्थता से भड़क सकता है। दोनों के बीच झगड़ा ही इस बात को लेकर शुरू हुआ था कि यूक्रेन यूरोपीय संघ के साथ मिलना चाहता है। वह नेटो का सदस्य बनना चाहता था, ताकि वह अपनी सीमाओं की सुरक्षा को लेकर आश्वस्त हो सके। यही बात रूस को नागवार गुजरी और दोनों की तनातनी में जंग छिड़ गई। इतने महीनों में दोनों देशों का काफी नुकसान हो चुका है। खासकर यूक्रेन को अपने नुकसान की भरपाई में काफी वक्त लगेगा। अच्छी बात है कि यूक्रेन अब युद्ध का रास्ता छोड़ कर शांति प्रस्ताव के साथ आगे आया है।दोनों देशों के बीच चल रही लड़ाई का असर कई रूपों में दुनिया के बहुत सारे देशों पर पड़ रहा है। पूरी दुनिया की एक तरह से आपूर्ति शृंखला टूट चुकी है, जिसके चलते महंगाई बढ़ रही है। इसलिए कई देशों ने शुरू में ही प्रस्ताव रखा था कि संयुक्त राष्ट्र की एक समिति बननी चाहिए, जिसकी अगुआई भारत को सौंपी जाए और दोनों देशों के बीच बातचीत और समझौते का रास्ता तलाश किया जाए।अब यूक्रेन ने अपना 'शांति फार्मूला' तैयार किया है, तो कुछ ऐसे देशों को मिल-बैठ कर उस पर विचार करने की जरूरत है, जिनके सुझावों पर दोनों देशों की रजामंदी हो सकती हो। भारत ऐसी स्थिति में हमेशा चाहेगा कि मसले बातचीत के जरिए सुलझें। यों भी पिछले कुछ सालों में भारत के प्रति दुनिया के तमाम ताकतवर देशों का रुख बदला है और उन्हें भरोसा है कि भारत इस संकट का समाधान तलाश सकता है। भारत अभी तक तटस्थ रह कर ही अपने हाथ आगे बढ़ाता रहा है, अब शायद उसे आगे कदम बढ़ाने की जरूरत महसूस हो।

# नौ ग्रामसभाओं में विकास कार्यो के लिए विधायक ने की बीस लाख की घोषणा

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)।विधायक मनोज तिवारी ने अपने दो दिवसीय ग्रामीण भ्रमण कार्यक्रम के तहत अपनी विधानसभा के दूरस्थ भैंसियाछाना ब्लॉक के नौ ग्रामसभाओं में पँहुचकर अलग- अलग स्तर परजनसमस्याओं के निराकरण के लिए लगाई जन चौपाल। विधानसभा के ग्रामसभा थिकलना, बैडा, थाला, निशनौली, धौलनौली, कटौंजिया, जामडी, कोटा, त्रिनौली में पँहुचकर ग्रामीण जनता से रूबरू होकर उनकी जनसमस्याओं को चौपाल के माध्यम से सुना। उन्होंने पेयजल, विधुत, सिंचाई और पी एम जे एस वाई से संचालित सड़कों की समस्याओं के निराकरण के लिए संबधित अधिकारियों को तत्काल आदेश दिये और साथ ही साथ भ्रमण में आये अधिकारियों को स्थलीय भ्रमण के माध्यम से निर्माण कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिये। विभिन्न चौपालों में विधायक मनोज तिवारी ने कहा कि विधानसभा की जनता ने जो विश्वास एंव आर्शीवाद उन्हें दिया हैं। उसके लिए उन्होंने जनता का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रतिपक्ष के विधायक के तौर पर वह हरसंभव अपनी विधानसभा की समस्याओं के निदान के लिए संघर्षरत हैं। उन्होंने कहा कि वह लगातार प्रदेश की धामी सरकार के समक्ष अपनी विधानसभा की विभिन्न समस्याओं को विधानसभा और अन्य माध्यमों से उठा रहे हैं, अगर प्रदेश की सरकार उनकी विधानसभा की समस्याओं के निराकरण के लिए गम्भीर नहीं हुई तो वह सड़क से लेकर विधानसभा के भीतर तक बड़े संघर्ष के लिए भी भविष्य में तैयार बैठे हैं। उन्होंने क्षेत्र की जनता से अपने हर संघर्ष में साथ देने की बात कही। क्षेत्र की जनता अपने विधायक को हरसंभव संघर्ष में साथ देने का आश्वासन दिया। जन चौपाल में विधायक मनोज तिवारी ने विभिन्न ग्रामसभाओं के विकास कार्यो के लिए विधायक निधि से 20 लाख की धनराशि देने की घोषणा की। इस अवसर पर ग्रामीण जनता ने अपने विधायक का ढोल- नगाडो और फूल मालाओं के साथ भव्य स्वागत किया।श्री तिवारी के साथ भ्रमण में भौसियाछाना कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष पूरन सिंह सुप्याल, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि भुवन पाण्डेय, त्रिलोचन उप्रेती ,कांग्रेस पंचायत प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष हरीश भट्ट, गोधन सिंह, कुमार आर्या, केवलानन्द भट्ट, बिहारी लाल, महेन्द्र प्रसाद, गोपाल भट्ट, प्रताप सिंह, हीरा सिंह, गोपाल सिंह , गोधन सिंह, नरेन्द्र वाणी, चन्दन सिंह, नारायण सिंह, पूरन राम, राजेन्द्र राम, बहादुर राम, लीलाधर भटट, नारायण दत भटट, केशव दत भटट, गोपाल दत भटट, भगवान सिंह, राजेन्द्र सिंह, अर्जुन सिंह, दनीराम, यशपाल सिंह, नौन सिंह आदि थे।आयोजित विभिन्न जन चौपालों में अनेक ग्रामप्रधान, सरपंच , क्षेत्र पंचायत सदस्य सहित पूर्व पंचायत प्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या ग्रामीण जनता उपस्थित रही।




## यूपीसीएल ने बनाया बिजली की दरों में 7.72 प्रतिशत बढ़ोतरी का प्रस्ताव

देहरादून। उत्तराखंड पॉवर कॉरपोरेशन लिमिटेड अब आपके बिजली के बिल में बड़ा इजाफा की तैयारी कर रहा है। यूपीसीएल ने बिजली की दरों में भारी इजाफे का प्लान तैयार कर लिया है। इसके बाद आपके बिजली बिल में 15 फीसदी से अधिक की वृद्धि हो सकती है। दरअसल यूपीसीएल ने हाल ही में नियामक आयोग के सामने एक अप्रैल 2023 से बिजली दरों में कुल 7.72 प्रतिशत बढ़ोतरी का प्रस्ताव रखा था। इस प्रस्ताव में यूपीसीएल ने सरचार्ज को जोड़ने में गलती कर दी थी। लिहाजा आयोग ने इस प्रस्ताव को वापस कर दिया और संशोधित प्रस्ताव मांगा। अब यूपीसीएल ने संशोधित प्रस्ताव नियामक आयोग को भेज दिया। इसमें कुल मिलाकर 16.95 प्रतिशत बढ़ोतरी की मांग की गई है। यूपीसीएल ने महंगी बिजली खरीद के घाटे से उबरने के लिए नियामक आयोग में 1355 करोड़ 41 लाख रुपये उपभोक्ताओं से वसूलने की मांग की थी। यूपीसीएल की इस मांग पर हुई जनसुनवाई के बाद नियामक आयोग ने यूपीसीएल को 6.5 प्रतिशत सरचार्ज बढ़ोतरी करते हुए बिजली बिल वसूलने की अनुमति दी थी। सरचार्ज लगाने की मियाद एक सितंबर 2022 से 31 मार्च 2023 तक रखी गई थी। अब यूपीसीएल की नई मांग पर नियामक आयोग सुनवाई करेगा। इसके बाद प्रस्ताव पर कोई फैसला होगा।

## कांग्रेसजनों ने संयुक्त मजिस्ट्रेट के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

रानीखेत(उद संवाददाता)। कांग्रेस के रानीखेत जिला अध्यक्ष महेश चंद्र आर्या के नेतृत्व में सोमवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा संयुक्त मजिस्ट्रेट के माध्यम से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन भेजकर छात्रसंघ चुनाव में युवा नेताओं के साथ मारपीट करने वाले दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। कांग्रेस जनो ने कहा कि छात्रसंघ चुनाव में 55 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों द्वारा छात्रों के साथ मारपीट करने, पीस्टल दिखाने, गाड़ी में लड़कों को जबरन उठाकर ले जाने जैसे संगीन जुर्म पर 24 घंटों तक एफआईआर नहीं की गई व एफआईआर के उपरान्त भी जांच अधिकारी सीओ के आने पर ही विवेचना की बात कह रहे है। कांग्रेस जनो ने उक्त मामले में जल्द कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।



# चार साहिबजादों एवं अन्य शहीदों को दी श्रद्धांजलि

गदरपुर(उद संवाददाता)। गुरु गोविंद सिंह जी के 4 साहिबजादों के शहीदी दिवस को वीर बाल शहीदी दिवस के रूप में मनाते हुए श्री गुरु हरगोबिंद पब्लिक स्कूल अब्दुल्ला नगर में प्रबंधक चरणजीत सिंह संधू और प्रधानाचार्य वंदना यादव के दिशा निर्देश में शहीदी कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ बच्चों द्वारा शब्द कीर्तन एवं अरदास के साथ किया गया। सूरा सो पहचानिए जो लड़े दीन के हेत,पुर्जा पुर्जा कट मरे कबहु ना छोड़े खेत एवं अन्य शब्दों के गायन के साथ साहिबजादा अजीत सिंह,जुझार सिंह,जोरावर सिंह, फतेह सिंह एवं माता गुजर कौर सहित अन्य शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर प्रबंधक चरणजीत सिंह ने गुरु गोविंद सिंह जी के आदर्शों पर चलने का आह्वान करते हुए सभी बच्चों को श्री जप जी साहिब का पाठ नित्य प्रति करने और सच्चाई के मार्ग पर चलने का संकल्प करवाया वहीं मुख्य वक्ता के रूप में पहुंचे सिख मिशनरी कॉलेज लुधियाना की गदरपुर इकाई के इंचार्ज देवेंद्र सिंह द्वारा गुरु गोविंद सिंह जी के मात्र 41 वर्ष के जीवन काल के दौरान उनके द्वारा पिता गुरु तेग बहादुर,माता गुजर कौर एवं उनके चार पुत्रों की शहादत का मार्मिक चित्रण करते हुए विचारों एवं कविता के माध्यम से परिचय दिया उन्होंने अपनी मातृभाषा गुरमुखी पंजाबी को आत्मसात करने के साथ-साथ गुरबाणी पाठ नित्य प्रति करने की अपील की। इस दौरान स्कूल प्रबंधन समिति द्वारा शब्द कविता भाषण देने वाले बच्चे निशा,रोहन, हर्षदीप,अंशदीप, चांदनी, पूनम, आंचल, अर्चना, सिमरन, हरमन, भूमि, दिया,पूजा, सिमरन, ज्योति, अमनदीप,किरण, जसमीत, गगन, शिवम,हर्ष,कृश, हरप्रीत, जशन,अनुज,अनमोल, दिव्यांशी, अनु,हरमन,मनजी, विनय, गुरप्रीत, मनीषा,गुरजंट, समर, नवदीप, अमृतपाल, अमनदीप ,कोमल, ज्योति,अविनाश आदि द्वारा किए गए कार्यक्रमों की सराहना करते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया गया स इस मौके जरूरतमंद गरीब परिवारों को विभिन्न प्रकार के गर्म वस्त्रों का भी निशुल्क वितरण किया गया इस दौरान पर शिक्षक जसवंत राय,अनिल सैनी, सूरज बिष्ट,सुखबीर सिंह के अलावा पूजा, कोमल कंबोज,गुरप्रीत कौर, सिमरन कौर,हिमानी जीना,नीरज,मध ,अंकिता,नवजीत कौर सहित तमाम बच्चे मौजूद रहे ।उधर गुरु गोविंद सिंह जी के 4 साहिब जादो बाबा अजीत सिंह, जुझार सिंह, जोरावर सिंह, फतेह सिंह एवं माता गुजर कौर के अलावा अन्य शहीदों की याद में ग्राम रामजीवन पुर में आयोजित किए गए शहीदी श्रद्धांजलि कार्यक्रम में वक्ताओं ने शहीदों के जीवन पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के सम्मुख श्रद्धा सुमन करने वाली तमाम संगत ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की स बाजपुर से आए रागी जत्था भाई दर्शन सिंह के अलावा अन्य वक्ताओं द्वारा शहीदों के जीवन पर गुरबाणी कथा, कीर्तन एवं इतिहास के माध्यम से प्रकाश डाला इस दौरान तमाम क्षेत्रीय संगत शामिल थी।





# सती मठ मंदिर कमेटी ने किया भाजपा जिलाध्यक्ष का स्वागत

गदरपुर(उद संवाददाता)। नगर के सकैनिया मोड़ स्थित सती मठ मंदिर की कमेटी द्वारा भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा का माल्यार्पण कर स्वागत किया।स्वागत कार्यक्रम का संचालन भाजपा मंडल महामंत्री अनिल जेटली द्वारा किया गया। सती मठ मन्दिर के पदाधिकारियों द्वारा जिलाध्यक्ष गुँजन सुखीजा के मंदिर पहुचने पर जय श्री राम के जयकारे लगाते हुए पटका पहनाकर व शाल ओढ़ाकर उनका स्वागत किया साथ ही स्मृति चिन्ह देकर उनका मान बढ़ाया।इस दौरान मंदिर कमेटी द्वारा जिलाध्यक्ष गुँजन सुखीजा के साथ हनुमान चालीसा का पाठ



कर मन्दिर में चल रहे सौंदर्यकरण के कार्यो से जिलाध्यक्ष गुँजन सुखीजा को अवगत कराया।जिस पर जिलाध्यक्ष गुँजन सुखीजा ने मन्दिर समिति के साथ हमेशा खड़े रहने और सम्भव सहयोग के लिये आश्वस्त किया।इस दौरान इंद्रजीत डाबर,अशोक मदान, राजू कुब्बा, राहुल अनेजा, विशाल छाबड़ा,सुरेश नरूला, विशाल ठक्कर, मदन ढींगड़ा, बबलू चन्द्रा,राकेश, अनिल जेटली, जीवन मदान, विकास खेड़ा, मन्नू डाबर, आशु अनेजा, सरन, विनोद परुथी काली भप्पा, शम्मी बत्रा,सुरेश खुराना, लवली हुड़िया,रोबिन फुटेला, मंगत गण्डा ,राजीव अरोरा बाबा,भावना गुप्ता,सपना ढींगड़ा, पूनम सक्सेना,अनिता डाबर,अनिता छाबड़ा,रश्मि गुप्ता सहित आदि लोग मौजूद रहे।।

# रात्रि में जिला अस्पताल पहुँचकर जानी व्यवस्थाएं

बागेश्वर(उद संवाददाता)। जिला अस्पताल में एक दिन पूर्व अस्पताल में किसी तीमारदार द्वारा अकारण तोड़फोड़ करने की शिकायत के बाद पुलिस और प्रशासन सतर्क हो गया है। सुरक्षा व्यवस्था की देखरेख के लिए उपजिलाधिकारी हरगिरि और प्रभारी एसपी शिवराज सिंह राणा, ने संयुक्त निरीक्षण कर जिला अस्पताल में व्यवस्थाए जांची। पुलिस और प्रशासन की



टीम ने अस्पताल में सुरक्षा व्यवस्था, मरीजों तीमारदारों से अस्पताल में मिलने वाली व्यवस्थाओं की जानकारी ली।मरीजों तीमारदारों से अस्पताल में मिलने वाली व्यवस्थाए मिलने के बारे में जानकारी ली। इस दौरान सभी ने अस्पताल में मिलने वाली व्यवस्थाओं पर संतुष्टि जताई। वही अस्पताल में किसी के द्वारा कोई अराजकता हो तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस को देने की बात कही। निरीक्षण के दौरान ड्यूटी में तैनात चिकित्सकों से भी रायसुमारी कर समस्याओं के सम्बन्ध में जानकारी ली।इस दौरान निरीक्षण में तहसीलदार दीपिका आर्या, ड़ा राजीव उपाध्याय, ड़ा नसीम अहमद,कोतवाल कैलाश नेगी, आदि मौजूद थे।

# नेत्र आरोग्य समिति की बैठक संपन्न

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। नेत्र आरोग्य समिति की सोमवार को नगर पालिका के सभागार में पालिका अध्यक्ष प्रकाश चंद जोशी की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। बैठक में आगामी 7 जनवरी 2023 को आयोजित होने वाले नेत्र शिविर के संबंध में पर चर्चा की गई। शिविर नेत्र सर्जन डॉ विनोद तिवारी के नेतृत्व में संपन्न होगा। इस शिविर में आंखों से संबंधित सभी बीमारियों



का जांच की जाएगी तथा आंखों से संबंधित बीमारियों व जटिल रोगों का नि:शुल्क उपचार तिवारी आई सेंटर बैशाली में होगा । नेत्र आरोग्य समिति की बैठक में पालिकाध्यक्ष प्रकाश चन्द्र जोशी, पूरन चन्द्र तिवारी नवीन पाठक, किशन गुरुरानी, दयाकृष्ण कांडपाल, जंगबहादुर थापा, एड जगत रौतेला, अजय मित्र सिंह बिष्ट, विशन दत्त जोशी, वीडी पांडे, कुणाल तिवारी, चन्द्रमणी भट्ट, मंगल सिंह, धर्मेन्द्र सिह बिष्ट आदि मौजूद रहे।

# बखरिया टाना में दुर्घटनाग्रस्त वाहन के मजिस्ट्रियल जॉच के दिए आदेश

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी वंदना ने बताया कि 03 दिसम्बर, 2022 को वाहन संख्या यूके 18 एच 6578 तहसील अल्मोड़ा अन्तर्गत स्थान बखरियाटाना में दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। जिनमें 04 व्यक्तियों की मृत्यु हो गई तथा 03 व्यक्ति घायल हो गए। साथ ही उन्होंने बताया कि वाहन दुर्घटना के कारणों की मजिस्ट्रियल जॉच के लिए उप जिला मजिस्ट्रेट, सदर, अल्मोड़ा को जॉच अधिकारी नामित किया गया है। उन्होंने बताया कि जॉच अधिकारी को उक्त वाहन दुर्घटना के कारणों की विस्तृत जॉच कर सुस्पष्ट जॉच आख्या 15 दिनों के भीतर जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए है।

# उत्तराखंड के खिलाडियों ने जूनियर नेशनल बैडमिंटन चैम्पियनशिप में जीता कास्य पदक

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। 24 दिसंबर तक भुवनेश्वर में आयोजित 45 वी जुनियर नेशनल बैडमिंटन चौम्पियनशिप में उत्तराखंड के खिलाडियों ने टीम इवेंट में कांस्य पदक जीता जहां उन्हें सेमीफाइनल में तमिलनाडु से 1-3 से पराजित होना पड़ा। व्यक्तिगत स्पर्धा में शशांक छेत्री ने अपने जोड़ीदार तेलेंगना के उनीत कृष्णा के साथ रजत पदक प्राप्त किया जहां उन्होंने सेमीफाइनल मुकाबले में कर्नाटक के निकोलस नैथन राज और तुषार सुवीर को 23 -21,21-15 से पराजित किया, और फाइनल में अपना स्थान बनाया। फाइनल में उनको तमिलनाडु के देव अय्यपन और धीरेन अयप्पन की जोड़ी से 21-19,13-21,21-18 से पराजित होना पड़ा और रजत पदक से संतोष करना पड़ा। उत्तराखंड जुनियर टीम में शिवम मेहता, प्रणव शर्मा, ध्रुव नेगी, अंश नेगी, शशांक छेत्री, मनसा रावत, अर्वंतिका पांडे, अन्या चौहान, पीहू नेगी, सिद्धि रावत थे। टीम के साथ मैनेजर गोकुल मेहता और कोच लोकेश नेगी थे। खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर उत्तरांचल राज्य बैडमिंटन संघ की अध्यक्ष अलकनंदा अशोक समेत समस्त उत्तराखंड बैडमिंटन परिवार, खेल प्रेमियों व खिलाड़ियों ने बधाई दी है।

# राजकीय खाद्यान्न वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

रानीखेत(उद संवाददाता)। क्षेत्रीय विधायक डॉ प्रमोद नैनवाल द्वारा सोमवार को रानीखेत विधानसभा के सौनी खाद्यान्न भंडार से सरकार द्वारा चलाई जा रही डोर स्टेप डिलीवरी का रिबन काट कर शुभारंभ किया साथ ही राजकीय खाद्यान्न वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर विधायक डॉ



प्रमोद नैनवाल ने बताया कि सरकार द्वारा चलाई जा रही यह सुविधा सबसे सर्वप्रथम रानीखेत विधानसभा से शुरू की गई है। कहा कि डोर स्टेप डिलीवरी के शुरू होने से क्षेत्रीय जनता को इस सुविधा का लाभ समय से मिल पाएगा।

# टेबल टेनिस की टीम नार्थ जोन में प्रतिभाग करने के लिए रवाना

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय की टेबल टेनिस की टीम नार्थ जोन प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए सोमवार को रवाना हो गई है। प्रतियोगिता दिल्ली विश्वविद्यालय में आयोजित होगी। टीम को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो जगत सिंह बिष्ट, क्रीड़ा प्रभारी लियाकत अली ने रवाना किया। इस दल में मैनेजर हरेंद्र प्रसाद, खिलाड़ियों में लीला लवली, अंजली, इशिता भंडारी, डॉली कोरंगा शामिल हैं। इस दौरान परीक्षा नियंत्रक प्रो सुशील कुमार जोशी, अधिष्ठाता प्रशासन प्रो प्रवीण सिंह बिष्ट, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो इला साह, डॉ देवेंद्र सिंह बिष्ट, डॉ मुकेश सामंत, बिपिन जोशी, श्याम मुन्नू भट्ट, डॉ मनोज बिष्ट, डॉ ललित चन्द्र जोशी प्रेम लटवाल ने सभी खिलाड़ियों को आगामी प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी है।

# पार्किंग से टूटे पानी के कनेक्शन

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। नगर के टैक्सी स्टैड के समीप बन रही बहुमंजिला पार्किंग के निर्माण कार्य के चलते क्षेत्र वासियों के घरों के पानी के कनेक्शन क्षतिग्रस्त हो गए है। जिस कारण क्षेत्र वासियों में आक्रोश पनप रहा है। स्थानीय निवासी गोपाल सिंह ने कहा कि लंबे समय से बहुमंजिला कार पार्किंग का निमार्ण कार्य चल रहा है। जिस कारण हमारे घरों को जाने वाले पानी के कनेक्शन टूट गए है। पर इस ओर ना ही निर्माण दाई संस्था और ना ही जल संस्थान कोई ध्यान दे रहा है। साथ ही उन्होंने जल संस्थान के अधिकारियों से जल्द से जल्द क्षेत्र के पानी के कनेक्शन को जोड़ने की मांग की है।

## पेज एक का शेष...

**अतिक्रमण हटाने के खिलाफ..**प्रशासन की टीम ने रेलवे भूमि पर सीमांकन का काम शुरू कर दिया है। रेलवे की 29 एकड़ भूमि पर करीब 4365 अतिक्रमण कारी हैं। पिलर लगाने के कार्य समाप्त होते ही अतिक्रमण हटाने का काम शुरू किया जायेगा।

**आठ जनवरी..**इस परीक्षा में शामिल होंगे। पर्वतीय जिलों के कई अभ्यर्थी परीक्षा देने हल्द्वानी आएंगे। इसके लिए प्रशासन ने इंटर कॉलेजों को अधिकृत किया है। बनभूलपुरा क्षेत्र में अतिक्रमण की जद में आ रहे करीब पांच स्कूलों में भी परीक्षा होनी है। इसे देखते हुए प्रशासन अतिक्रमण तोड़ने की कार्रवाई आठ जनवरी के बाद ही शुरू करेगा। उधर लोक निर्माण विभाग ने 20 जेसीबी, 20 पोकलैंड के टेंडर आमंत्रित किए हैं। ये टेंडर छह जनवरी को खोले जाएंगे। उधर प्रशासन दो जनवरी से मुनादी कराने पर विचार कर रहा है।

**मुठभेड़ में चार..**ही बल संदिग्धों की ओर बढ़ा, आतंकवादियों ने गोलीबारी की, जिसके बाद जवाबी कार्रवाई की गई और मुठभेड़ शुरू हो गई। उल्लेखनीय है कि सिद्दड़ा पुल के पास छह दिसंबर देर रात आतंकियों ने पुलिस पोस्ट पर ग्रेनेड हमला किया था। पुल पर मौजूद पुलिसकर्मियों को निशाना बनाकर यह हमला किया गया था। हालांकि हमलावर चूक गए और ग्रेनेड पास के एक बिजली के खंभे और पेड़ के बीच जा गिरा।

**राईस मिल में बदमाशों..**सीसीटीवी का डीवीआर भी निकाल कर अपने साथ ले गए। जानकारी का अनुसार गत रात्रि अज्ञात बदमाशों ने अंबेडकर चौक के समीप स्थित खन्ना राइस मिल में धावा बोल दिया। जब बदमाश मिल परिसर में घुसे तो चौकीदार सादा सिंह पुत्र उजागर सिंह निवासी चुकटी देवरिया वार्ड नंबर एक किच्छा को इसकीआहट हुई । उसने मिल परिसर में आए बदमाशों को रोकने की कोशिश की तो बदमाशों ने उस पर जानलेवा हमला कर दिया। जिससे चौकीदार सादा सिंह लहुलुहान होकर वहीं गिर पड़ा। बदमाश उसे मरा समझ कर मिल के कार्यालय को खंगालने लगे और मिल में रखी 65 हजार की नकदी सहित अन्य सामान लूटकर ले गए। प्रात: काल जब राइस मिल के स्वामी संजीव खन्ना मिल में पहुंचे तो मिल का गेट अंदर से बंद था। जबकि सुबह ही चौकीदार मिल का गेट खोल देता था। उनके आवाज देने पर भी अंदर से कोई जवाब नहीं मिला तो उन्होंने दूसरे श्रमिकों को वहां बुलवाकर भीतर जाने को कहा। दीवार फांद कर अंदर जा श्रमिक अंदर पहुंचे तो अंदर की हालत देख उनके होश उड़ गए। उन्होंने मुख्य दरवाजा खोला। संजीव खन्ना अंदर आकर देखा चौकीदार सादा सिंह खून से लथपथ जमीन पर पड़ा था। उन्होंने तुरंत ही घटना की सूचना पुलिस को देकर घायल चौकीदार को सामुदायिक स्वास्थय केंद्र में भर्ती करवाया। जहां उसकी हालत चिंताजनक देख चिकित्सकों ने उसे रुद्रपुर रेफर कर दिया।चौकीदार को रुद्रपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। उधर घटना की सूचना मिलने पर सीओ ओमप्रकाश शर्मा, प्रभारी निरीक्षक धरेंद्र कुमार पुलिसकर्मियों के साथ मौके पर पहुंच गए। कार्यालय के अंदर सारा सामान बिखरा पड़ा था। सीसीटीवी देखने पर देखा तो डीवीआर गायब मिला। बदमाश डीवीआर ही उठा कर अपने साथ ले गए।आशंका व्यक्त की जा रही है कि धान का सीजन होने के कारण बदमाशों को वहां बड़ी रकम होने का अनुमान था।पुलिस ने आस पास के सीसीटीवी भी खंगाले लेकिन कोहरा के कारण कुछ स्पष्ट दिखाई नहीं दिया। पुलिस ने फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट टीम को भी बुलवा लिया है। पुलिस ने बदमाशों को पकड़ने के लिए कोशिश शुरू कर दी है।

**लाखों की स्मैक..** उत्तराखंड एसटीएफ ड्रग्स डीलरों के खिलाफ आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी। ऐसे ड्रग्स डीलर जो पड़ोसी राज्यों से अपने घरों में बैठकर उत्तराखंड में ड्रग्स की सप्लाई कर रहे हैं उन्हें एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों के अंतर्गत गिरफ्तार कर ड्रग्स से कमाई उनकी संपत्ति जब्तीकरण की कार्रवाई होगी। तस्कर को पकड़ने वाली टीम में ए एन टी एफ /एस टी एफ टीम के उपनिरीक्षक विपिन चन्द्र जोशी,बृजभूषण गुरूरानी,प्रकाश चन्द्र भगत, हेड कांस्टेबल जगपाल सिंह,मनमोहन सिंह,कांस्टेबल विरेन्द्र सिंह, अमरजीत सिंह,थाना पुलभट्टा के उप निरीक्षक कीर्ति भट्ट,आरक्षी चरण सिंह,आरक्षी मनोज और प्रकाश चंद्र शामिल रहे।

**उत्तरकाशी में फिर भूकंप..**के मुताबिक रिक्टर पैमाने पर 5.3 तीव्रता का दूसरा भूकंप बगलुंग जिले के खुंगा के आसपास दो बजकर सात मिनट पर आया। फिलहाल यहां भी जान-माल के नुकसान की सूचना नहीं है।

**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित

**सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र**

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

**E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in**

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)


SAMSUNG
BOSCH
SONY
JBL
VOLTAS
IFB
DELL
DAIKIN
ONEPLUS
MITSUBISHI ELECTRIC
Whirlpool
AMSTRAD
LLOYD
mi
SANSUI
गुरू माँ
अब मिलेगा
Online
से भी सस्ता
DIWALI DHAMAKA Sale
NO COST EMI
ATTRACTIVE EXCHANGE OFFERS
UPTO 55% OFF
UPTO 25% ADD CASHBACK
LED TV पर ऐसे ऑफर्स, खरीदे बिना रहा ना जाए
वाशिंग मशीन पर पैसा वसूल ऑफर्स
JBL स्पीकर्स - मनोरंजन अनलिमिटेड
आपके किचन की बढ़ाये शान
ऑफर्स ऐसे खरीदे बिना रहा ना जाए
सबसे कम दाम गारंटीड
डील्स ऐसी, जो कहीं ना मिले
BAJAJ FINSERV
HDB FINANCIAL SERVICES
आधार लाये, उधार ले जाएँ
EMI मात्र ₹990 प्रति माह से शुरू*
दाम में भी कम, बिजली खपत भी करे कम
EASY EMI OPTION AVAILABLE
*Terms&Conditions Apply | *Under Exchange
HALDWANI
Tikonia +919997207007
Pilikothi +919690256666
Pilikothi +918923468434
KASHIPUR
Kashipur +91 8303074949
Ramnagar Road +91 8791989500
Cheema Chauraha +91 9012451341
Cheema Chauraha +91 9690785231
RUDRAPUR
Civil Lines +91 8958533331
Kashipur by Pass +91 9690282777
Kashipur by Pass +91 7895741313
Kashipur by Pass +91 9917170230
MORADABAD
Moradabad +91 7017558272
KICHHA
Kichha +91 7017595920
(Deepak Electronics)
HARIDWAR
Haridwar +91 9761699704
GADARPUR
Gadarpur +91 9927850999
(Guru Nanak Enterprises)